# विद्यार्थियों को विधिक जानकारी दी

भरतपुर (निसं)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित ट्रांसफॉरमेटिव ट्ययूजडे अभियान के अंतर्गत जिले में सेवर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जाटौली रथभान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष बलजीत सिंह के मार्गदर्शन में बुधवार को साइबर अपराध एवं विधिक जागरूकता विषय पर एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अनुतोष गुप्ता ने नालसा योजनाओं, घरेलू हिंसा, निःशुल्क विधिक सहायता, कानूनी प्रक्रिया, बाल विवाह निषेध अधिनियम एवं उसके दुष्परिणामों के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 तथा नालसा टोल फ्री राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी भी प्रदान की गई। डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल अधिवक्ता पुनीत गर्ग द्वारा विद्यार्थियों को साइबर अपराध, नकल विरोधी कानून, एंटी-रैगिंग कानून तथा पॉक्सो अधिनियम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम 2013, अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण कानून, यातायात नियम, बिना लाइसेंस वाहन नहीं चलाने तथा राजस्थान पीड़ित प्रतिकर योजना के बारे में भी जानकारी दी गई।

# जमीन विवाद में वृद्ध की हत्या, सात आरोपी गिरफ्तार

■ मृतक के पुत्र जगमोहन जाटव ने मामला दर्ज कराया था कि 29 मार्च की दोपहर करीब 2 बजे उसके पिता कमल सिंह अपने घर पर बैठे हुए थे। तभी गांव के ही घंसराम, गिर्राज आदि ने उसके पिता पर हमला किया

रुदावल भरतपुर ( निसं )। रुदावल थाना क्षेत्र के गांव सिंघाडा में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए झगडे में एक वृद्ध की हत्या होने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रुदावल पुलिस ने बताया कि घटना को लेकर मृतक के पुत्र जगमोहन जाटव ने मामला दर्ज कराया था कि 29 मार्च की दोपहर करीब 2 बजे उसके पिता कमल सिंह अपने घर पर बैठे हुए थे। तभी गांव के ही घंसराम, गिर्राज, मदनलाल, उत्तम, भगवान स्वरूप, महेन्द्र, सुनील, अमित, पुष्पेन्द्र, नरेश, तेजप्रकाश, दिनेश, प्रदीप, धर्मेन्द्र, चन्द्रशेखर, राकेश, खुशिया, तिमनसिह, राजू, रामनिवास, उत्तम, कुंवरसिह, तेजसिंह, विजेन्द्र, गोपाल, रामसिंह, लक्ष्मन, वीरसिंह, तेजपाल एवं अन्य परिवारीजन एकराय होकर घर में घुस आए और उसके पिता कमल सिंह के साथ गाली गलौच करते हुए जान से मारने की नियत से लाठी, डंडा व सरिया एवं लोहे की रोड से हमला कर दिया। जिससे उसके पिता की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने वृद्ध की हत्या करने के मामले में आरोपी गांव सिंघाडा निवासी महेन्द्र कुमार पुत्र गिर्राज जाटव व उत्तम पुत्र खूबीराम जाटव को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पूर्व में पुलिस द्वारा सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## मजदूरी के पैसे मांगने पर मारपीट

रूपवास, भरतपुर (निसं)। क्षेत्र के नया गांव निवासी एक व्यक्ति ने मजदूरी के पैसे मांगने पर घर में घुसकर मारपीट करने व महिला को बेअदब कर मारपीट किए जाने का मामला दर्ज करवाया है। नया गांव निवासी राकेश ने मामला दर्ज करवाया कि में गांव के सूबेदार के घर मजदूरी के पैसे मांगने गया था।

## सार-समाचार

### 5 दिवसीय कार्यक्रम 26 अप्रैल से

गंगापुर (निसं)। भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में पांच दिवसीय कार्यक्रमों का बुधवार को शुभारंभ हुआ। इन आयोजनों की शुरुआत गोपाल गौशाला परिसर में गौसेवा के साथ की गई। ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में गोमाता की पूजा-अर्चना कर उन्हें हरा चारा और गुड़ खिलाया गयइं गोशाला समिति की उपाध्यक्ष पूनम जगवानी और महामंत्री कृपाशंकर उपाध्याय सहित अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। इस पर समाज के कई गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। आयोजन समिति के अनुसार 23 और 24 अप्रैल को शाम 5 बजे से परशुराम छात्रावास, दशहरा मैदान में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इनमें महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के लिए साहित्यिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं में मेहंदी, रंगोली, श्लोक पाठ, आशुभाषण, रस्साकशी, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, कैरम और शतरंज जैसी स्पर्धाएं होंगी। कार्यक्रमों की श्रृंखला में 25 अप्रैल को शाम 5 बजे सालौदा मोड़ से एक बाइक रैली निकाली जाएगी। जन्मोत्सव का मुख्य आयोजन 26 अप्रैल को होगा, जब भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा दोपहर 2 बजे सीताराम मंदिर से शुरू होगी। आयोजकों ने सभी समाजजनों से इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। इन आयोजनों का उद्देश्य संस्कृति, संस्कार और सामाजिक सौहार्द को बढावा देना है।

### एडीएम ने अस्पतालों का निरीक्षण किया

गंगापुर (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुदर्शन सिंह तोमर ने बुधवार को गंगापुर सिटी में विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई स्थानों पर व्यवस्थाओं में गंभीर खामियां पाई गईं, जिस पर एडीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय में पंचकर्म के लिए स्टाफ में दक्षता का अभाव मिला। कर्मचारियों द्वारा यूनिफॉर्म का उपयोग नहीं किया जा रहा था। शौचालयों पर ताले लगे थे और सफाई व्यवस्था बेहद खराब थी। कुछ शौचालय अनुपयोगी पाए गए, वहीं, बिजली बोर्ड के स्थान पर खुले तार भी दिखाई दिए। राजकीय यूनानी चिकित्सालय में शौचालय अनुपयोगी मिले और स्थान की कमी पाई गई। राजकीय होम्योपैथी चिकित्सालय के कार्यालय के नाम राजस्व रिकॉर्ड में भूमि आवंटन का अभाव सामने आया। उदेई मोड़ स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ यूनिफॉर्म में नहीं थे। ओपीडी पर्चियों पर मरीजों की बीमारियों का उल्लेख नहीं किया जा रहा था। औषधि वितरण केंद्र पर दवा देने के बाद मरीजों से प्राप्ति हस्ताक्षर या अंगूठा निशान भी नहीं लिया जा रहा था। इसके अतिरिक्त उस्मान कॉलोनी स्थित शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर निरीक्षण के समय बंद पाया गया। एडीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए।

### 38 में से 37 अधिवक्ताओं ने डाले वोट

भुसावर भरतपुर (निस)। बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के चुनाव-2026 के तहत अभिभाषक संघ भुसावर के न्यायालय परिसर में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। अभिभाषक संघ भुसावर के अध्यक्ष नवीन कुमार पाण्डेय ने बताया कि कुल 38 मतदाताओं में से 37 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जबकि एक मतदाता अनुपस्थित रहा। चुनाव के दौरान सिविल न्यायाधीश शशिकांत गुप्ता ऑब्जर्वर तथा उपखंड अधिकारी भुसावर राधेश्याम मीना को-ऑब्जर्वर के रूप में मौजूद रहे। पोलिंग अधिकारी के रूप में एडवोकेट विनोद कुमार शर्मा भरतपुर ने अपनी जिम्मेदारी निभाई। उनके साथ सहायक प्रशासनिक अधिकारी नितिन पाण्डेय, लिपिक पंकज शर्मा एवं सहायक कर्मचारी तोताराम और अनिल चौधरी ने सहयोग किया।

### एसपी ज्येष्ठा मैत्रेयी ने बैठक ली

सवाई माधोपुर (निसं)। बुधवार को ज्येष्ठा मैत्रेयी, पुलिस अधीक्षक जिला सवाई माधोपुर द्वारा व्यापारी संघ के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान व्यापारियों द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं एवं मुद्दों को विस्तार से प्रस्तुत किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने व्यापारियों से कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने को कहा। इस दौरान किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। बैठक के अंत में व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन द्वारा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनने एवं समाधान हेतु सकारात्मक पहल करने पर आभार व्यक्त किया।

### वीडियो वायरल करने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

रुदावल भरतपुर (निसं)। रुदावल थाना पुलिस ने इंस्टाग्राम आईडी से मैसेज भेजकर नाबालिग लडकी को परेशान करने एवं वीडियो वायरल करने की धमकी देकर जबरन शादी का दबाब बनाने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। रुदावल पुलिस ने बताया कि 11 अप्रैल 2026 को एक व्यक्ति ने सवाईमाधोपुर निवासी मनीष पुत्र देवेन्द्र के खिलाफ मामला दर्ज कराया था कि मनीष उसकी नाबालिग पुत्री और उसके होने वाले ससुराल वालों को शादी न करने के लिए डरा-धमका रहा है। साथ ही आरोपित मनीष डरा धमकाकर भय में डाल कर शादी का दवाब बना रहा है।

## हवाई हमले की मॉक ड्रिल की

करौली (निसं)। नागरिक सुरक्षा तैयारियों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा बुधवार को करौली में हवाई हमले (एयर रेड) से संबंधित मॉक ड्रिल अभ्यास सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। उप नियंत्रक (नागरिक सुरक्षा) एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि यह अभ्यास राज्य सरकार एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार 20 से 24 अप्रैल तक आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय स्तर के मॉक अभ्यास का हिस्सा था। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राजकीय मेडिकल कॉलेज, मण्डरायल रोड पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों ने आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया एवं समन्वय का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि अभ्यास के दौरान पुलिस, चिकित्सा, विद्युत, नगर परिषद एवं अन्य संबंधित विभागों ने अपने-अपने दायित्वों का प्रभावी निर्वहन करते हुए आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई की तैयारियों का प्रदर्शन किया। प्रशासन ने कार्मिकों एवं नागरिकों का सहयोग के लिए आभार जताया। कहा कि इस प्रकार के अभ्यास आपदा के समय सतर्कता और समन्वय को मजबूत करने में भूमिका निभाते हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतराम मीणा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता प्रकाश चंद मीणा आदि उपस्थित रहे।

# अछनेरा रोड निर्माण की मांग को लेकर चल रहा अनशन समाप्त

भरतपुर (निसं)। भरतपुर में अछनेरा रोड निर्माण की मांग को लेकर बुधवार से शुरू हुआ अनशन प्रशासन के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। निवर्तमान पार्षद रामेश्वर सैनी, टीटू सैनी एवं पूर्व पार्षद रमेश पाठक द्वारा सुबह 11 बजे अनशन शुरू किया गया था। अनशन शुरू होते ही प्रशासन में हलचल मच गई और मौके पर थाना मथुरा गेट प्रभारी हरलाल मीणा पहुंचे तथा उच्च अधिकारियों को सूचित किया।

सूचना मिलते ही सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और अनशनकारियों से वार्ता की, लेकिन प्रारंभिक दौर में सहमति नहीं बन सकी। इसके बाद भरतपुर तहसीलदार अजय पारीक मौके पर पहुंचे और अनशनकारियों से विस्तृत वार्ता की। अनशनकारियों की प्रमुख मांगों में अछनेरा रोड का शीघ्र निर्माण शुरू करना, सड़क की चौड़ाई सार्वजनिक करना, पक्का बाग से नोह पुलिया तक हटाई गई स्ट्रीट लाइटों को पुनः लगाना, निर्माण कार्य में तकनीकी समस्याओं की जानकारी सार्वजनिक करना तथा कार्य पूर्ण होने की समय-सीमा घोषित करना शामिल था। प्रशासन की ओर से बताया गया कि अछनेरा रोड का निर्माण डामर (डाबर) से किया जाना है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों के कारण सामठी उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिससे कार्य में देरी हुई है। सड़क की एक साइड की चौड़ाई 16 मीटर प्रस्तावित है। साथ ही, निर्माण कार्य में पानी व बिजली की लाइनों को शिफ्ट करने जैसी तकनीकी प्रक्रियाएं भी शामिल हैं, जिनके टेंडर हो चुके हैं और जल्द ही कार्य शुरू होगा।

प्रशासन ने यह भी बताया कि निर्माण कार्य पूरा होने में लगभग 6 माह का समय लगेगा तथा तब तक धूल नियंत्रण के लिए दिन में तीन बार पानी का छिडकाव कराया जाएगा। अनशनकारियों ने सड़क की चौड़ाई 16 मीटर के स्थान पर 14 मीटर रखने की मांग रखी, जिस पर प्रशासन ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराने का आश्वासन दिया। वार्ता के बाद दोनों पक्षों में सहमति बन गई।

सहमति बनने पर तहसीलदार अजय पारीक ने अनशनकारियों को माला पहनाकर एवं मौसमी का जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया। इस मौके पर गिरदावर राजेश, सहायक अभियंता छैल बिहारी शर्मा, व्यापार महासंघ जिला अध्यक्ष संजीव गुप्ता, विपुल शर्मा, छोटू सरपंच, रमेश सैनी, दयाचंद पचौरी, चरण सैनी, घनश्याम सैनी, खुशाल सैनी, लक्ष्मण सैनी, दीपक शर्मा, प्रकाश सैनी, मुरारी सैनी, महेंद्र शिव सिंह फौजदार गोपाल सैनी लखन सैनी लव कुश सैनी सहित सैकडों लोग उपस्थित रहे।

## धौलपुर सदर थाना पुलिस एवं डीएसटी टीम की जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही

धौलपुर (निसं)। धौलपुर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा आरपीएस के पर्यवेक्षण में एवं वृताधिकारी वृत शहर धौलपुर कृष्णराज जांगिड आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में सदर थानाधिकारी महेश मीणा उप निरीक्षक के नेतृत्व में थाना सदर पुलिस द्वारा डीएसटी टीम प्रभारी प्रेमसिंह चौधरी सहायक उप निरीक्षक व कांस्टेबल गौतम की सूचना पर महेन्द्र का अड्डा जाटोली के पास संगठित रूप से जुआ खेलते 11 जुआरियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए शिवराम पुत्र किशनलाल जाति लोधा उम्र 47 साल निवासी कासिमपुर थाना सदर धौलपुर जिला धौलपुर, रामवीर पुत्र मिहीलाल जाति लोधा उम्र 45 साल निवासी बीलपुर थाना मनियां जिला धौलपुर, पप्पू पुत्र अर्जुन सिंह जाति गुर्जर उम्र 45 साल निवासी चौकपुरा (मोरोली) थाना कोतवाली जिला धौलपुर, मोहन सिंह पुत्र देवीलाल जाति लोधा उम्र 60 साल निवासी भैसाख थाना कोतवाली जिला धौलपुर, राकेश उर्फ लुक्का पुत्र महाराज सिंह जाति लोधा उम्र 47 साल निवासी तगावली।

# शिक्षा मेला आयोजित

हिंडौन (निसं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मोहन नगर, हिंडौन सिटी में अष्टम पोषण पखवाड़ा के अवसर पर सीएमएफ न्यूट्रिशन एवं ईसीसीई टीम द्वारा भव्य पोषण एवं शिक्षा मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, विद्यालय शिक्षक, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाएं, समुदाय के लाभार्थी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीबीईओ श्री दयाल सिंह सोलंकी ने मेले का उद्घाटन कर प्रतिभागियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीसीएमओ डॉ. राजकुमार गुप्ता ने की। उन्होंने अपने संबोधन में टीकाकरण एवं संतुलित पोषण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जनसमूह को जागरूक किया।

इस अवसर पर बीपीएम (एनएचएम) प्रभाकर जिंदल एवं यूसीओ श्री विकास कुमार गुप्ता की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

सीएमएफ टीम से जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शशांक सिंह अरोड़ा, प्रोठााम मैनेजर (एजुकेशन) अमरेश कुमार शर्मा, जोनल कोऑर्डिनेटर संतोष कुमार एवं ब्लॉक कार्यक्रम अधिकारी मधीर कुमार ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मेले में फूड ठ्रुप्स पर आधारित स्टॉल, टेक होम राशन से रेसिपी डेमोंस्ट्रेशन, बालाहार प्रीमिक्स लड्डू की लाइव तैयारी, ईसीसीई (शाला पूर्व शिक्षा) गतिविधियां, ठाोथ मॉनिटरिंग, फूड फोर्टिफिकेशन जागरूकता एवं सांप-सीढ़ी व रिंग फ्रूट गेम जैसे इंटरएक्टिव खेल आकर्षण का केंद्र रहे।

# पृथ्वी दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

भरतपुर (निसं)। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से एनजीओ एस. के. शिक्षण एवं सामाजिक विकास संस्थान, चिचाना (भरतपुर) द्वारा हमारी शक्ति, हमारा ठाह थीम के अंतर्गत राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय, चिचाना में पृथ्वी दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा 9 से 12 के छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकालकर की गई। रैली को कार्यवाहक प्राचार्य सुरेश चंद एवं एनजीओ अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्र-छात्राओं ने हाथों में जागरूकता तख्तियां लेकर पर्यावरण संरक्षण के नारे लगाते हुए गांव में जनजागरूकता फैलाई। इसके पश्चात विद्यालय स्टाफ एवं एनजीओ पदाधिकारियों द्वारा विद्यालय परिसर में विभिन्न छायादार पौधों का पौधारोपण किया गया। साथ ही प्लास्टिक मुक्त अभियान के अंतर्गत सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में छात्र-छात्राओं के लिए चित्रकला एवं नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम स्थान पर दीवार घड़ी, द्वितीय स्थान पर कपड़े का बैग, तृतीय स्थान पर पानी की बोतल तथा चतुर्थ स्थान पर लंच बॉक्स एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर एनजीओ अध्यक्ष, प्राचार्य एवं विद्यालय स्टाफ द्वारा सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सभी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को जूट बैग प्रदान कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का सफल संचालन पीटीआई मैडम ब्रजबाला द्वारा किया गया। इस अवसर पर अमरशा चौधरी, भावना शर्मा, प्रेमलता शर्मा आदि मौजूद थे।

# जनगणना के लिए फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

करौली (निसं)। अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि जिले में जनगणना-2027 के प्रथम चरण हेतु कुल 54 फील्ड ट्रेनर्स के लिए विषेष प्रषिक्षण का आयोजन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय करौली के सभागार में आयोजित किया गया, यह प्रशिक्षण दो चरणों में आयोजित किया गया जिसका बुधवार को समापन हो गया।

उन्होंने बताया कि फील्ड स्तर पर कार्यरत कार्मिकों को दक्ष बनाने के उद्देष्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने फील्ड ट्रेनर्स को चार्ज स्तर पर प्रगणक एवं सुपरवाईजर को प्रशिक्षण देने हेतु आवष्यक दिशा-निर्देश दिये तथा फील्ड स्तर पर आने वाली समस्याओं एवं उनके समाधान करने हेतु जानकारी दी गयी।

फील्ड ट्रेनर्स को ठााम बरखेडा एवं मांची में ले जाकर एचएलओ टेस्टिंग एप पर सुपरवाईजर एवं प्रगणक बनाकर 5-5 मकानों का आवंटन कर मकान सूचीकरण कार्य का पूर्व अभ्यास मास्टर ट्रेनर्स के निर्देशन में करवाया गया तथा एचएलओ एप पर आ रही तकनीकी समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया।

इस हेतु फील्ड ट्रेनर्स ने आवंटित मकानों पर भवन नम्बर एवं जनगणना मकान नम्बर देकर 33 प्रश्नों के बारे में परिवारों से जानकारी लेकर एचएलओ एप पर फीडिंग की। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स हिमांशु गोयल एवं मनीष पाठक द्वारा फील्ड ट्रेनर्स को पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसमें जनगणना का उद्देश्य, प्रक्रिया, डेटा की गोपनीयता, एचएलओ एप का प्रभावी उपयोग और जनगणना अनुसूचियों के संचालन की विस्तृत जानकारी भी दी गई।

इस प्रशिक्षण का लक्ष्य जनगणना कार्य को निर्धारित समयावधि में सटीक, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से पूरा करना है। मकान सूचीकरण के प्रथम चरण में (मकान की स्थिति, परिवार से संबंधित, सुविधाओं की उपलब्धता, परिसम्पत्ति आदि से सम्बंधित ) 33 प्रश्न भरे जाने है। जिसकी विस्तृत प्रक्रिया भी फील्ड ट्रेनर्स को समझाई गयी।

अति0 जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि प्रथम चरण के मकान सूचीकरण के कार्य के अंतर्गत 1 मई से 15 मई तक स्व-गणना अभियान आयोजित होगा तथा 16 मई से 14 जून तक प्रगणक द्वारा फील्ड वर्क का कार्य किया जाएगा। इस स्व-गणना अभियान के अंतर्गत आमजन स्वयं ऑनलाइनपोर्टलः...के माध्यम से अपनी जानकारी आसानी से दर्ज कर सकते हैं।

करौली ( निसं )। भारत विकास परिषद् शाखा करौली द्वारा बुधवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विभिन्न पर्यावरणीय गतिविधियों का आयोजन कर जन-जागरूकता का संदेश दिया गया।

## प्रदूषण रोकने सामूहिक प्रयास जरूरी

गंगापुर (निसं)। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया गया। कार्यवाहक घ्प्रिंसिपल केशव दास गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। मीडिया व उत्सव प्रभारी पुखराज मीणा ने श्देती हैं आवाज हिमालय जननी, तुम्हें बुलाती हैं3श कविता प्रस्तुत की। उन्होंने पृथ्वी संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि बदलते समय में पर्यावरण संतुलन बनाए रखना एक बडी चुनौती है, जिसके लिए सभी को सजग रहना होगा।

# बाल विवाह की रोकथाम एवं उन्मूलन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

मासलपुर, करौली (निसं)। जिला प्रशासन एवं एक्शनएड एसोसिएशन द्वारा मासलपुर में बाल विवाह रोकथाम एवं उन्मूलन परियोजना के अंतर्गत बाल विवाह के खिलाफ विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। बुधवार को मासलपुर के कंचनपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

एक्शनएड एसोसिएशन जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया कि आखातीज (अक्षय तृतीया), पीपल पूर्णिमा एवं अबूझ सावों पर करौली विशेषकर मासलपुर ब्लॉक में बाल विवाह रोकथाम के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिलें के आशान्वित ब्लॉक मासलपुर में बाल विवाह को रोकने के लिए विशेष कार्य योजना एवं रणनिती तैयार की गई है। जिसमें बाल विवाह रोकथाम के लिए पूर्व तैयारी 15-20 दिन पहले गांव-वार जोखिम पहचान के माध्यम से ऐसे गांव चिन्हित किये जा रहें जहां पहले बाल विवाह हुए हैं

वहां पर सूचना नेटवर्क जिसमें आंगनबाड़ी, आशा, शिक्षक, पंचायत सदस्य, युवा साथियों को जोड़ कर बाल संरक्षण टीम बनाई जा रही है जहां हर गांव में 5-7 लोगों की टीम में युवा एवं महिलाएं को शामिल किया जा रहा है। टीम का प्रशासन से समन्वय करवाया जा रहा है। जिसमें पुलिस थाना, बाल विकास विभाग, बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन (1098)

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आदि से समन्वय बनाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जागरूकता अभियान जो आखातीज से 10 दिन पहले स्कूल/कॉलेज, ठााम पंचायत एवं बस्तियों में जागरूकता कार्यक्रम कर बाल विवाह के नुकसान और कानून (बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006) के प्रावधानों की जानकारी दी जा रही है। जिसमें गांव सभा / चौपाल माता-पिता और बुजुर्गों को शामिल किया गया। जागरूकता रैली और पोस्टर एवं 18 साल से कम नहीं बेटी की शादी जैसे संदेश दिया।

एक्शनएड एसोसिएशन के स्वयंसेवकों द्वारा अबूझ सावों से 4-5 दिन पहले संदिग्ध शादियों की सूची बनाकर, टीमों को जिम्मेदारी दी गई। हर टीम को 2-3 गांव कवर करने को कहा गया। हेल्पलाइन पर एक्टिव किया। 24 7 संपर्क नंबर 1098, नालसा हेल्पलाइन 15100 एवं जिला स्तरीय कंट्रोल रूम नंबर 07464 - 251335 की जानकारी दी गई। आखातीज के दिन मुख्य कार्रवाई जिसमें फील्ड विजिट टीम एक्शनएड एसोसिएशन एवं अन्य सहयोगी संगठनों, चाइल्डलाइन संयुक्त टीमों द्वारा शादी स्थल पर निगरानी रखी जा गई है जिसमें मैरिज गार्डन, टेंट, केटरिंग, घरों पर भी निगरानी रखी जा रही है। जिसमें तुरंत हस्तक्षेप, यदि बाल विवाह मिले तो समझाइश एवं जरूरत पड़े तो कानूनी कार्रवाई, मीडिया कवरेज के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। बाल विवाह की सूचना मिलने के बाद रोके गए बाल विवाह के परिवारों की काउंसलिंग कर बच्चों की पढ़ाई और योजनाओं से जोड़ना शामिल है। एक्शनएड एसोसिएशन द्वारा फॉलोअप विजिट भी की जा रही है जिन परिवारों में बाल विवाह की रोकथाम हुई है।

बाल विवाह की रोकथाम एवं उन्मूलन को लेकर आमजन को मुख्य संदेश दिये जा रहे हैं जिसमें बाल विवाह अपराध है, परंपरा नहींबेटी की पढ़ाई, समाज की तरक्की18 साल से पहले शादी कानूनन सजा जैसे नारों को विद्यालयो में प्रार्थना के समय लगवाने आदि पर विशेष जोर दिया गया है। इस तरह आखातीज के अवसर पर मासलपुर में 5 बाल विवाहो की संभावना होने पर परिवारजनों को समय रहते समझाइश कर रूकवाने पर परिवार जनों को समय रहते समझाइश कर रुकवाने में सफलता प्राप्त हुई।


## राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड

मण्डल मुख्यालय रेल्वे स्टेशन के सामने, भरतपुर- 321001

ई-मेल-scoutguidebtp05@gmail.com ☎ 05644236404,8003097151

क्रमांक : म.मु./लेखा/निविदा/2026-27/313 दिनांक : -22-04-2026

**खुली प्रतियोगी बोली सूचना संख्या 01/2026-27**

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, मण्डल मुख्यालय, भरतपुर के तत्वावधान में आयोजित होने वाली गतिविधियों में अल्पाहार एवं भोजन व्यवस्था (तैयार चाय-नाश्ता एवं भोजन मेनू अनुसार) आपूर्ति के लिये उपयुक्त श्रेणी मे पंजीकृत संवेदको गुणवतापूर्ण एवं समयबद्वता से, पंजीकृत बोलीदाता जो अल्पाहार एवं भोजन व्यवस्था (तैयार चाय - नाश्ता एवं भोजन मेनू अनुसार) की सक्षमता रखते हो तथा राज्य हित एवं स्काउट हित मे उपरोक्तानुसार आपूर्ति के इच्छुक हो ऐसे पंजीकृत फर्म/संगठन/संस्थाएं/हॉटल/रेस्टोरेंट/केन्टिन का संचालन करने वालो से भोजन व्यवस्था हेतु खुली प्रतियोगी बोली के माध्यम से द्विप्रक्रमी बोलियॉ (तकनीकी व वित्तीय) निर्धारित प्रपत्र मे निम्न प्रकार प्राप्त की जावेगी।

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | बोली प्रपत्र शुल्क | अमानत राशि | बोलीदस्तावेज प्राप्त करने की तिथि व समय | बोली दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | तकनीकी बोली खोले जाने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्पाहार एवं भोजन व्यवस्था | 9 लाख | 500 रुपये | 18000 /- | 23.04.2026 से 28.04.2026 दोपहर 12:00 बजे तक | 28.04.2026 अपरान्ह 04:00 बजे तक | 29.04.2026 सुबह 11:00 बजे |

धरोहर राशि रू. **18000/-** का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक **"राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, मण्डल मुख्यालय, भरतपुर"** के पक्ष में जमा कराना होगा। निविदा की शेष शर्तें **UBN is - BSG2627SSOB00004** वेबसाइट http://sppp.rajasthan.gov.in/ पर एवं कार्यालय समय में स्काउट गाइड मुख्यालय भरतपुर पर देखी जा सकती हैं।

**सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट)**

**मण्डल मुख्यालय, भरतपुर**